# रिलायंस ने 75 साल पुराने 'एसआईएल' ब्रांड को नए अंदाज में किया लॉन्च

**बेंगलुरु, 16 दिसंबर. खाने के शौकीनों के लिए यह खबर किसी ट्रीट से कम नहीं है. रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 75 साल पुराने प्रतिष्ठित फूड ब्रांड एसआईएल को एक बार फिर नए अवतार में बाजार में उतार दिया है.**

इसके साथ ही रिलायंस ने पैकेज्ड फूड सेगमेंट में मजबूती से अपने पैर जमा लिए है. कंपनी ने एसआईएल को अपना फ्लैगशिप फूड ब्रांड बनाया है. प्रेस रिलीज के मुताबिक, एसआईएल नूडल्स की एक नई रेंज लेकर आ रहा है.




रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन मोदी ने कहा, एसआईएल का रीलॉन्च आरसीपीएल की ग्रोथ जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. पैकेज्ड फूड सेगमेंट में एसआईएल के जरिए हम एक मजबूत और हर घर तक पहुंचने वाला फूड पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं. एसआईएल विरासत, भारतीयता और इनोवेशन का ऐसा मेल है, जो दुनिया के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, वैल्यू-ड्रिवन फूड प्रोडक्ट्स पेश करेगा.

?5 से शुरू होने वाली इस रेंज में मसाला, आटा विद वेजीज़, कोरियन के-फायर और चाउ-चाउ जैसे चार वैरिएंट उपलब्ध होंगे. वहीं, असली टमाटरों से बना एसआईएल केचप बिना किसी कृत्रिम रंग या सिंथेटिक सामग्री के पेश किया जाएगा, जिसकी शुरुआती कीमत रुपए1 रखी गई है. इसके अलावा, आठ फलों से तैयार एसआईएल मिक्स्ड फ्रूट जैम 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम पैक में बाजार में उतारा जाएगा, जिसकी शुरुआती कीमत रुपए 22 होगी. कंपनी का दावा है कि इसमें 22 प्रतिशत ज्यादा फ्रूट कंटेंट होगा.

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

**मुंबई, 16 दिसंबर.** घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया. यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसंबर के बाद का निचला स्तर है.


चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर बिकवाली का दबाव रहा. सेंसेक्स एक समय करीब 597 अंक लुढ़क गया था. मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा.

# भारत-जापान व्यापार को नई रफ्तार

## आर्थिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक अहम कदम : गोयल

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. भारत और जापान के बीच आर्थिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है. वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच दोनों देशों के मजबूत होते व्यापारिक रिश्ते रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं.**

इसी कड़ी में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जापान के शीर्ष उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की. यह बातचीत सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं रही, बल्कि नवाचार, निवेश और औद्योगिक विकास जैसे अहम मुद्दों पर भी केंद्रित रही. भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को और गहराई देने के उद्देश्य से केंद्रीय वाणिज्य



एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जापान-भारत व्यापार सहयोग समिति (जेबीबीसीसी) के अध्यक्ष तातसुओ यासुनागा और उनके प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देने, निवेश बढ़ाने और प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा हुई. सोशल मीडिया

भारत से जापान को इंजीनियरिंग सामान, रसायन, समुद्री उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे उत्पादों का निर्यात होता है. जानकारों का मानना है कि इस तरह की उच्चस्तरीय बैठकें भारत-जापान व्यापारिक रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जा सकती हैं.

प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर गोयल ने बताया कि यह बातचीत बेहद सार्थक रही और दोनों पक्षों ने पारस्परिक विकास एवं समृद्धि के लिए साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25.17 अरब डॉलर रहा.




# श्याम धनी इंडस्ट्रीज़ का 22 दिसंबर से खुलेगा आईपीओ

**जयपुर, 16 दिसम्बर. श्याम धनी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम ( आईपीओ ) 22 दिसंबर को खुलेगा. कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रामावतार अग्रवाल ने मंगलवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी. अग्रवाल ने बताया कि कंपनी ने ऊपरी मूल्य बैंड पर 38.49 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा हैं और शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफ़ॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे.**

उन्होंने बताया कि इश्यू साइज 54 लाख 98 हजार इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और मूल्य बैंड 65-70 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है. इक्विटी शेयर आवंटन में एंकर पोर्शन अधिकतम 15 लाख 60 हजार, क्वालिफ़ाइड इंस्टिट्यूशनल बायर अधिकतम 10 लाख 44 हजार, नॉन-इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स कम से कम सात लाख 86 हजार, रीटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स कम से कम 18 लाख 28 हजार एवं मार्केट मेकर अधिकतम दो लाख 80 हजार इक्विटी शेयर होंगे. आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग बढ़ती कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने, कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान एवं पूर्व-भुगतान, ब्रांड निर्माण और मार्केटिंग खर्च, मौजूदा विनिर्माण इकाई में नई अतिरिक्त मशीनरी लगाने के लिए पूंजीगत व्यय, मौजूदा विनिर्माण इकाई में सोलर रूफटॉप प्लांट की खरीद और स्थापना, तथा सामान्य कॉरपोरेट प्रयोजनों के लिए किया जाएगा.

उन्होंने बताया कि आईपीओ का एंकर पोर्शन 19 दिसंबर को खुलेगा, जबकि इश्यू 22 दिसंबर को खुलेगा और 24 दिसंबर बुधवार को बंद होगा. अग्रवाल ने कहा हमारा आईपीओ लॉन्च होना, श्याम धनी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की विकास यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है. वर्षों में हमारी कंपनी एक विविधीकृत खाद्य प्रसंस्करण संगठन के रूप में विकसित हुई है. हम अपने प्रमुख ब्रांड श्याम के तहत विभिन्न प्रकार के मसाले प्रस्तुत करते हैं, साथ ही किराना, जड़ी-बूटियों और सीज़निंग के विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ भारत के बदलते स्वादों के अनुरूप काम करते हैं.

### ज्ञान भारतम मिशन

# पतंजलि विश्वविद्यालय बना क्लस्टर केंद्र

**हरिद्वार, 16 दिसंबर. आज हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम मिशन द्वारा पतंजलि विश्वविद्यालय को क्लस्टर केंद्र के रूप में मान्यता दी गई.**

इस संबंध में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलपति डॉ. आचार्य बालकृष्ण, ज्ञान भारतम मिशन के परियोजना निदेशक डॉ. अनिर्बन डैश, डॉ. श्रीधर बारीक (समन्वयक, एनएमएम), और श्री विश्वरंजन मलिक (समन्वयक, डिजिटलीकरण, एनएमएम) की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र




इस अवसर पर ज्ञान भारतम मिशन के परियोजना निदेशक डॉ. अनिर्बन डैश ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत, पतंजलि विश्वविद्यालय एक क्लस्टर केंद्र के रूप में कार्य करते हुए न केवल योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर शोध करेगा, बल्कि इस शोध को शैक्षिक क्रांति से जोड़कर देश और समाज में इसका प्रसार भी करेगा. इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के मानविकी और प्राचीन अध्ययन संकाय की डीन डॉ. साध्वी देवप्रिया, डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. सतपाल, डॉ. करुणा, डॉ. स्वाति, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. रश्मी मित्तल, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के छात्र और वैज्ञानिक उपस्थित थे.


शेखावत जी और ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन भारत की संस्कृति आधारित ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि का जीवंत उदाहरण है.

डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि इस मिशन के अंतर्गत अब तक 33 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं, जिनमें से 20 क्लस्टर केंद्र हैं. इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और पतंजलि विश्वविद्यालय योग शिक्षा पर आधारित पहला क्लस्टर केंद्र है. उन्होंने बताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने 50,000 से अधिक प्राचीन ग्रंथों का संरक्षण किया है, 42 लाख पृष्ठों का डिजिटलीकरण किया है और 40 से अधिक पांडुलिपियों का शोध और पुनर्प्रकाशन किया है.

# रिकॉर्ड निचले स्तर पर फिसला भारतीय रुपया

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. भारतीय रुपये की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है. अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया है, जिससे बाजार और आम लोगों दोनों की चिंता बढ़ गई है. भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक संकेतों ने रुपये पर दबाव बना दिया है.**

हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर इंडेक्स में हल्की नरमी ने नुकसान को कुछ हद तक सीमित रखा है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल रुपये की राह आसान नजर नहीं आ रही. भारतीय रुपया



मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 9 पैसे गिरकर 90.87 पर खुला, जो अब तक का सर्वकालिक निचला स्तर है. यह पिछले बंद भाव के मुकाबले कुल 29 पैसे की गिरावट को दर्शाता है. शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया 90.77 से 90.87 के संकीर्ण दायरे में कारोबार करता रहा.

# चार ट्रेनों के ठहराव से कलोल को विकास की रफ्तार

## विधायक लक्ष्मणजी ठाकोर ने कलोल स्टेशन पर चार ट्रेनों के ठहराव का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में माननीय विधायक लक्ष्मणजी पुंजाजी ठाकोर ने को कलोल रेलवे स्टेशन पर वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस, जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस और मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर माननीय विधायक, कलोल लक्ष्मणजी ठाकोर ने अपने संबोधन में कहा कि कलोल रेलवे स्टेशन पर 20959/60 वलसाड-वडनगर-वलसाड इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जो कलोल को वलसाड, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद तथा वडनगर जैसे महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ती है.



16507/08 जोधपुर-बेंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस, जो कलोल को राजस्थान, महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारत की राजधानी बेंगलुरु से जोड़ती है. 15269/70 मुजफ्फरपुर-साबरमती-मुजफ्फरपुर जनसाधारण एक्सप्रेस, जो कलोल को बिहार सहित उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ती है. 12215/16 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीबरथ एक्सप्रेस, जो कलोल को देश की राजधानी दिल्ली तथा आर्थिक राजधानी मुंबई से सीधे जोड़ती है.

इन सभी ट्रेनों के ठहराव से कलोल एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी, सुलभ और समय की बचत करने वाली यात्रा सुविधा प्राप्त होगी. छत्राल में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी तथा उनको ट्रेन पकड़ने के लिए महेसाणा और अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा. साथ ही विद्यार्थियों, नौकरीपेशा वर्ग, व्यापारियों, किसानों तथा स्थानीय श्रमिकों को अन्य बड़े स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे यात्रा में होने वाला समय, श्रम और आर्थिक व्यय—तीनों में उल्लेखनीय कमी आएगी. इसके साथ ही व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा पर्यटन को भी नई गति मिलेगी.

# भीम यूपीआई ऐप पर नये यूजरों को जोड़ने के लिए स्वदेशी अभियान

**नयी दिल्ली, 16 दिसंबर. स्वदेशी डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म भीम ने अपने 10वें वर्ष में प्रवेश के मौके पर नये यूजरों को जोड़ने के लिए सोमवार को गर्व से स्वदेशी अभियान की शुरुआत की घोषणा की.**

इस ऐप को बनाने वाले एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) ने इस विशेष अभियान के तहत 20 रुपये या उससे अधिक के किसी भी लेनदेन पर फ्लैट 20 रुपये कैशबैक की पेशकश की है. हर यूजर को एक महीने में अधिकतम 300 रुपये का कैश बैक मिलेगा. एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिता नटराज ने कहा, भीम एक डिजिटल, आत्मनिर्भर भारत के आत्मविश्वास और भारतीयों द्वारा हर दिन भुगतान करने के तरीके का प्रतिनिधित्व करता है. गर्व से स्वदेशी अभियान इस विचार में निहित है कि एक स्वदेशी, संप्रभु भुगतान मंच भारतीय यूजर्स की वास्तविक जरूरतों के इर्द-गिर्द बनाया जाना चाहिये.

हमारा ध्यान पहली बार यूजर्स को डिजिटल भुगतान मंच पर लाना है. इस अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भीम को एक पसंदीदा भुगतान ऐप और भारतीय घरों में लेनदेन करने के तरीके का एक स्वाभाविक हिस्सा बनाना है. एक बार जब उपयोगकर्ता अपने दिन-प्रतिदिन के खर्चों जैसे किराने का सामान, बस या मेट्रो टिकट, प्रीपेड रिचार्ज, बिजली और गैस बिल भुगतान, और ईंधन शुल्क के लिए ऐप का उपयोग करना शुरू कर देते हैं, तो वे पात्र लेनदेन पर एक महीने में 300 रुपये तक का कैशबैक कमा सकते हैं.


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ईनिविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** : डब्ल्यूसीआर-सीआरडब्ल्यूएस-बीपीएल-ईएल-टी-2025-10 दिनांक : 11.12.2025, **कार्य का नाम** : सी.आर.डब्ल्यू.एस./भोपाल में एनएमजी/एनएमजीएच/एनएमजीएचएस के रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन/विकास हेतु चल रहे अम्ब्रेला कार्य से संबंधित अन्य विद्युतीकरण कार्य, **कार्य की लागत** : Rs. 96,31,503.32, **निविदा फार्म का मूल्य** : 0.00, **धरोहर राशि** : Rs. 1,92,600.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** : 02.01.2026 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि** : 02.01.2026 15:00 बजे के उपरांत, निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इस टेन्डर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **निविदा सूचना सं एवं जारी दिनांक** : बीपीएल/एन/वर्क्स/2025-26/टेली/09 दिनांक 13/12/2025, **कार्य का नाम व स्थान** : 1) आग्मेंटेशन ऑफ वीडियों सर्वेलांस सिस्टम एट 05 स्टेशन (HD, SCI, BAQ, GUNA, SVPI) ऑफ भोपाल डिविजन। 2) प्रोविजन ऑफ CCTV फार यार्ड कवरेज ऑफ मेनलाईन फेसिंग पॉईट एट मिसरोद कुरवई कथोरा एंड निशातपुरा स्टेशन ऑफ भोपाल डिविजन।, **कार्य की अनुमानित लागत** (Rs.) : 2,56,60,096.39, कीमत टेण्डर फॉर्म की (Rs.) (non refundable) : NIL, बयाना (Rs.) : 2,78,300.00 राशि, **कार्य समाप्ति अवधि** : 06 माह, **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख एवं समय** : खुलने की तारीख जमा 08/01/2026, 15:00 बजे तक। खुलने का 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत बयाना राशि आदि का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं, क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**A+ Grade By NAAC | CAREER COLLEGE (Autonomous) | 56 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE**

BHEL Dussehara Maidan, Govindpura, Bhopal -462023

Affiliated to Barkatullah University, Bhopal

**VACANCIES**

Applications are invited for the following posts under College Code 28 of Barkatullah University, Bhopal

| S.No. | Post | Subjects | Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | Assistant. Prof. | History | 1 |
| 2 | Assistant. Prof. | Pol. Science | 1 |
| 3 | Assistant. Prof. | Sociology | 1 |
| 4 | Assistant. Prof. | Maths | 1 |

As per UGC Norms. The applications with CV and relevant certificates should be submitted within 10 days by e-mail to: hr@careercollegeindia.com or at College Office.



**NHIDCL** BUILDING INFRASTRUCTURE - BUILDING THE NATION

**राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल)**

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सीपीएसई)

BHARATMALA ROAD TO PROSPERITY

**प्रथम एवं द्वितीय मंजिल, टावर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110020**

एफ. क्रमांक 261901 | ईमेलः helpdesk-resource@nhidcl.com

**भर्ती सूचना क्रमांकः 05/2025**

**राज्य विशिष्ट स्नातक योजना (एसएसजीएस) के अंतर्गत एसोसिएट्स की नियुक्ति**

**एनएचआईडीसीएल योग्य, अनुभवी और कुशल भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित तकनीकी पदों के लिए निश्चित अवधि हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः**

| क्र. सं. | पद का नाम | पारिश्रमिक (परामर्श शुल्क) | कुल उपलब्ध पद | अधिकतम आयु (नियुक्ति जारी होने की तिथि के अनुसार) विज्ञापन) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संबंद्ध करना | रू. 70,000 - 80,000 | 64 पद | 30 वर्ष |

आवश्यक शैक्षणिक योग्यताः IIT/NIT या अन्य संस्थानों से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक या समकक्ष विषय में डिग्री, जो उत्तीर्ण होने के वर्ष के लिए NIRF रैंकिंग में शीर्ष 100 में स्थान रखते हों।

**अनुभवः** आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद 0-2 वर्ष।

**निवासः** उम्मीदवार के पास उस राज्य का निवास होना चाहिए जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है।

**राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सूचीः**

1. असम; 2. अरुणाचल प्रदेश; 3. जम्मू और कश्मीर; 4. मणिपुर; 5. मेघालय; 6. मिजोरम; 7. नागालैंड; 8. सिक्किम; 9. त्रिपुरा; 10. उत्तराखंड; 11. लद्दाख; 12. पश्चिम बंगाल।

**आवेदन कैसे करें**

1. NHIDCL की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं www.nhidcl.com
2. रिसोर्स पूल पोर्टल पर जाएं - "वर्तमान रिक्तियां 2025 - ऑनलाइन आवेदन करें"

**महत्वपूर्ण तिथियां**

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ : 18 दिसंबर, 2025 (10:00 बजे)**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 12 जनवरी, 2026 (17:00 बजे)**

**आयु निर्धारण की महत्वपूर्ण तिथि नियुक्ति विज्ञापन जारी होने की तिथि है।**

**चयन प्रक्रिया**

**चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगीः**

1. **चरण 1:** विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा आवेदनों की जांच और व्यक्तिगत बातचीत के लिए उम्मीदवारों का चयन।
2. **चरण 2:** विधिवत गठित चयन समिति द्वारा व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन।

पात्रता शर्तों, आयु सीमा और प्रत्येक राज्य में रिक्तियों की संख्या आदि की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया NHIDCL वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें। किसी भी प्रश्न/अपडेट के लिए NHIDCL वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करें।

**CBC 37112/12/0009/2526** | **महाप्रबंधक (भर्ती)**

**बुनियादी ढांचा तैयार करना, राष्ट्र निर्माण करना**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**

क्रमांक/9176 to 9180/Water Supply/2025 | विदिशा, दिनांक 11/12/2025

**:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्र | ई-टेन्डर न. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9176 | 2025_UAD_468485_1 | supply and Installation of CATEYE on both sides of various roads in Ward No. 23 | II Call | 250000.00 | 2500.00 | 2000.00 | 03 Month | 2/1/2026 |
| 2 | 9177 | 2025_UAD_468513_1 | Supply of sodium hypochlorite and chlorine tablets in water supply branch vidisha municipality. | I Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 03 Month | 2/1/2026 |
| 3 | 9178 | 2025_UAD_468599_1 | Construction of gate and shed and painting work at Ward No. 20, Lohangi water tank vidisha | I Call | 126972.00 | 2539.00 | 1000.00 | 03 Month | 2/1/2026 |
| 4 | 9179 | 2025_UAD_468608_1 | Construction of Paver block fixing work at Ward No. 20 Lohangi Water Tank area. | I Call | 168874.00 | 3377.00 | 1000.00 | 03 Month | 2/1/2026 |
| 5 | 9180 | 2025_UAD_468614_1 | Supply of Gl and Cl pipe fitting materials in the water supply branch vidisha municipality. | I Call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 2/1/2026 |

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,विदिशा